web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

SJU Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।


RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शनिवार 30 सितंबर 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 05


# त्योहारी सीजन में रेलवे ने फिर रद्द की लंबी दूरी की कई ट्रेनें

## ❒ हजारों यात्रियों की बढ़ी मुश्किलें, रिजर्वेशन करा चुके यात्रियों में रोष

**रायपुर (आरएनएस)।** त्योहारी सीजन होने के बाद भी रेलवे प्रशासन की ओर से लंबी दूरी की कई ट्रेनों को रद्द, परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा। रेलवे ने बताया कि दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर रेल मण्डल के अंतर्गत राउरकेला स्टेशन का यार्ड का आधुनिकीकरण एवं तीसरी रेल लाइन को जोडऩे का कार्य किया जाएगा। वहीं नॉन इंटरलॉकिंग कार्य को करने के लिए कुछ ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इसके चलते लंबी दूरी की अधिकांश ट्रेनें एक से चार दिनों तक प्रभावित होगी।

दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर रेल मण्डल के अंर्तगत राउरकेला स्टेशन का यार्ड का आधुनिकीकरण एवं तीसरी रेल लाइन को जोडऩे का कार्य किया जाएगा। इस नॉन इंटरलॉकिंग कार्य को करने के लिए कुछ ट्रेनों का परिचालन दिनांक 29 सितम्बर, 2023 से 15 अक्टूबर, 2023 तक प्रभावित रहेगा। इस कार्य के फलस्वरुप कुछ गाडिय़ों को रद्द किया जा रहा है, जिसकी जानकारी इस प्रकार है :-



**एक दिन प्रभावित होने वाली गाड़ी:-**

(1) दिनांक 12 अक्टूबर, 2023 को हावड़ा से चलने वाली 22894 हावड़ा-साईनगर शिरडी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

(2) दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 को साईनगर शिरडी से चलने वाली 22893 साईनगर शिरडी-हावड़ा एक्सप्रेस रद्द रहेगी (3) दिनांक 13 अक्टूबर, 2023 को हटिया से चलने वाली 12812 हटिया-कुर्ला एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

(4) दिनांक 15 अक्टूबर, 2023 को कुर्ला से चलने वाली 12811 कुर्ला -हटिया एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

(5) दिनांक 12 अक्टूबर, 2023 को हैदराबाद से चलने वाली 17005 हैदराबाद-रक्सौल एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

(6) दिनांक 15 अक्टूबर, 2023 को रक्सौल से चलने वाली 17006 रक्सौल-हैदराबाद एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

(7) दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 को सिकंदराबाद से चलने वाली 17007 सिकंदराबाद-दरभंगा एक्सप्रेस रद्द रहेगी। (8) दिनांक 17 अक्टूबर, 2023 को दरभंगा से चलने वाली 17008 दरभंगा-सिकंदराबाद एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

(9) दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 को उदयपुर से चलने वाली 20971 उदयपुर-शालीमार एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

(10) दिनांक 15 अक्टूबर, 2023 को शालीमार से चलने वाली 20972 शालीमार-उदयपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

(11) दिनांक 13 अक्टूबर, 2023 को वास्को डिगामा से चलने वाली 17321 वास्को डिगामा-जसीडीह एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

(12) दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 को जसीडीह से चलने वाली 17322 जसीडीह-वास्को डिगामा एक्सप्रेस रद्द रहेगी। (13) दिनांक 02 अक्टूबर, 2023 को नांदेड़ से चलने वाली 12767 नांदेड़-सांतरागाछी हमसफर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। (14) दिनांक 04 अक्टूबर, 2023 को सांतरागाछी से चलने वाली 12768 सांतरागाछी-नांदेड़ हमसफर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

(15) दिनांक 11 अक्टूबर, 2023 को सांतरागाछी से चलने वाली 20828 सांतरागाछी-जबलपुर हमसफर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

(16) दिनांक 12 अक्टूबर, 2023 को जबलपुर से चलने वाली 20827 जबलपुर-सांतरागाछी हमसफर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

(17) दिनांक 11 अक्टूबर, 2023 को रानी कमलापति से चलने वाली 22169 रानी कमलापति-सांतरागाछी हमसफर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

(18) दिनांक 12 अक्टूबर, 2023 को सांतरागाछी से चलने वाली 22170 सांतरागाछी-रानी कमलापति हमसफर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

**दो दिन प्रभावित होने वाली गाड़ी:-**

(1) दिनांक 01 एवं 15 अक्टूबर, 2023 को पटना से चलने वाली 22844 पटना-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

(2) दिनांक 30 सितम्बर एवं 14 अक्टूबर, 2023 को सांतरागाछी से चलने वाली 20822 सांतरागाछी-पुणे हमसफर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

3) दिनांक 02 एवं 16 अक्टूबर, 2023 को पुणे से चलने वाली 20821 पुणे-सांतरागाछी हमसफर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। (4) दिनांक 02 एवं 16 अक्टूबर, 2023 को सूरत से चलने वाली 13426 सूरत-मालदा एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

(5) दिनांक 07 एवं 14 अक्टूबर, 2023 को मालदा से चलने वाली 13425 मालदा-सूरत एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

(6) दिनांक 03 एवं 17 अक्टूबर, 2023 को कुर्ला से चलने वाली 22511 कुर्ला-कामाख्या एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

(7) दिनांक 08 एवं 11 अक्टूबर, 2023 को पुणे से चलने वाली 22845 पुणे-हटिया एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

(8) दिनांक 09 एवं 13 अक्टूबर, 2023 को हटिया से चलने वाली 22846 हटिया-पुणे एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

(9) दिनांक 07 एवं 14 अक्टूबर, 2023 को शालीमार से चलने वाली 22830 शालीमार-भुज एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

(10) दिनांक 10 एवं 17 अक्टूबर, 2023 को भुज से चलने वाली 22829 भुज-शालीमार एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

(11) दिनांक 30 सितम्बर एवं 14 अक्टूबर, 2023 को कामाख्या से चलने वाली 22512 कामाख्या-कुर्ला एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

(12) दिनांक 29 सितम्बर एवं 13 अक्टूबर, 2023 को बिलासपुर से चलने वाली 22843 बिलासपुर-पटना एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

**तीन दिन प्रभावित होने वाली गाड़ी:-**

(1) दिनांक 29 सितम्बर, 06 एवं 13 अक्टूबर, 2023 को हावड़ा से चलने वाली 12870 हावड़ा-मुंबई एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

(2) दिनांक 01, 08 एवं 15 अक्टूबर, 2023 को मुंबई से चलने वाली 12869 मुंबई-हावड़ा एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

(3) दिनांक 29 सितम्बर से 01 अक्टूबर, 2023 तक टाटानगर से चलने वाली 18109 टाटानगर-इतवारी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

**चार दिन से अधिक प्रभावित होने वाली गाड़ी:-**

(1) दिनांक 29 सितम्बर से 03 अक्टूबर, 2023 तक 18110 इतवारी-टाटानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

(2) दिनांक 29 सितम्बर से 03 अक्टूबर, 08, 10 से 14 अक्टूबर, 2023 तक राजेंद्रनगर से चलने वाली 12388 राजेंद्रनगर-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

(3) दिनांक 30 सितम्बर से 04 अक्टूबर, 08, 11 से 15 अक्टूबर, 2023 तक दुर्ग से चलने वाली 12387 दुर्ग-राजेंद्रनगर साउथ बिहार एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

(4) दिनांक 29 सितम्बर से 15 अक्टूबर, 2023 तक टाटानगर एवं बिलासपुर से चलने वाली 18113/18114 टाटानगर-बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

**परिवर्तित मार्ग से चलने वाली गाडिया:-**

1. दिनांक 2929 सितम्बर से 15 अक्टूबर, 2023 तक पुरी से चलने वाली 18477/18478 पुरी-योग नगरी ऋषिकेश उत्कल ईब - झारसुगुडा-सम्बलपुर-वेरसा होकर चलेगी।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### सडक़ दुर्घटना में 2 की मौत

**कोल्हापुर (आरएनएस)।** महाराष्ट्र में रत्नागिरि जिले के पचेरी आगर में शुक्रवार सुबह 'गणेश विसर्जन जुलूस' के दौरान सडक़ दुर्घटना में एक किशोरी सहित दो लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जब गांव में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन जुलूस निकल रहा था, तभी एक तेज रफ्तार टेम्पो ब्रेक फेल होने के कारण जुलूस में घुस गया। इसमें टेम्पो चालक और एक युवती की मौत हो गयी तथा 15 लोग घायल हो गए। सूत्रों के अनुसार टेम्पो चालक बाहर आकर अपने अनियंत्रित वाहन को रोकने का प्रयास कर रहा था, तभी वह पहिए के नीचे आकर कुचल गया, जबकि टेम्पो में बैठी किशोरी की सिर में चोट लगने से मौत हो गई। घायल लोगों को आबलोली ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया गया। मृतकों में कोमल नारायण भुवड़ (17) और दीपक लक्ष्मण भुवड़ (48) के हैं। इस घटना से संबंधित मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी है।

### महिला ने दो बच्चों को जहर देने के बाद खुद भी की आत्महत्या

**अगरतला (आरएनएस)।** त्रिपुरा के खोवाई जिले के गोपालनगर गांव में 35 वर्षीय एक महिला ने अपने दो बच्चों को जहर देने के बाद खुद भी जहर खा लिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह घटना तब हुई, जब पीड़िता प्रमिला मुंडा का पति मनु मजदूरी करने पड़ोस के गांव गया था। महिला ने अपने बेटों 10 वर्षीय परिमल और 12 वर्षीय मोनिश को किसी तरल पदार्थ में जहर मिलाकर खिलाने के बाद जहर खाकर आत्महत्या कर ली। घटना के पीछे की सही वजह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाई है। पति, जो अभी भी सदमे से जूझ रहा है, ने अपनी पत्नी के कठोर कदम के पीछे के कारण नहीं बता पाया। पुलिस घटना की जांच कर रही है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### बिना शादी के गर्भवती हुई युवती, भाई और मां ने पेट्रोल डाल कर जलाया जिंदा

**हापुड़ (आरएनएस)।** यूपी के हापुड़ में एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। जहां एक युवती को उसके परिजनों ने जलाकर मारने का प्रयास किया। जानकारी के मताबिक युवती के प्रेग्नेंट होने पर उसके सगे भाई व मां ने जिंदा जलाने का प्रयास किया। इस घटना में युवती 70 फीसदी तक जल गई। उसे गंभीर स्थिति में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। बता दें कि पूरी घटना थाना बहादुरगढ़ क्षेत्र की है। जहां एक 23 वर्षीय युवती का अपने गांव के एक युवक से सबंध था। इसी बीच युवती प्रेग्नेंट हो गई। जब घरवालों को इसकी भनक लगी तो वो भडक़ उठे। उन्होंने उसकी जांच कराई तो प्रेग्नेंसी वाली बात सच निकली। जिसके बाद घरवालों ने युवती को जंगल में ले जाकर जिंदा जलाने के इरादे से उसे आग के हवाले कर दिया। आग से बुरी तरह झुलसी युवती को पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अस्पताल में भर्ती कराया।

## 25 करोड़ की चोरी मामले में पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, छत्तीसगढ़ से 2 आरोपी अरेस्ट

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के जंगपुरा इलाके की एक ज्वैलरी शॉप में हुई 25 करोड़ रुपये के गहनों की हाईप्रोफाइल चोरी का मामला का अब लगभग सुलझ गया है। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में छत्तीसगढ़ से 2 लोगों को हिरासत में लिया गया है। इनमे से एक आरोपी की पहचान लोकेश श्रीनिवास के रूप में हुई है। पुलिस इन दोनों से पूछताछ कर रही है।



जानकारी के अनुसार, छत्तीसगढ़ की दुर्ग पुलिस ने शातिर चोर लोकेश श्रीनिवास को 25 किलो सोने के साथ गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। पुलिस को लोकेश श्रीवास के पास से सोने के अलावा नकदी और अन्य जेवरात भी बरामद हुए हैं। दुर्ग पुलिस ने लोकेश को कोहका से हिरासत में लिया है। लोकेश के पास से बरामद यह सोना और नकदी दिल्ली में हुई 25 करोड़ की चोरी से जुड़ा बताया जा रहा है। बिलासपुर एवं राजनांदगांव पुलिस को भी काफी समय से लोकेश की तलाश थी। इसके पूर्व भी लोकेश श्रीनिवास को दुर्ग पुलिस ने आकाशगंगा में पारख ज्वैलर्स के यहां हुई चोरी के मामले में शत प्रतिशत माल के साथ गिरफ्तार करने में सफलता पाई थी। फिलहाल दुर्ग पुलिस लोकेश से अन्य मामले की पूछताछ कर रही है।

## कर्नाटक बंद : बेंगलुरु में 44 उड़ानों का आगमन व प्रस्थान रद्द

**बेंगलुरु (आरएनएस)।** बेंगलुरु अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के अधिकारियों ने 44 उड़ानों का आगमन और आगमन रद्द कर दिया है। तमिलनाडु को पानी छोड़े जाने के विरोध में कन्नड़ समर्थक संगठनों द्वारा शुक्रवार को बुलाए गए कर्नाटक बंद की पृष्ठभूमि में हवाईअड्डे से उड़ानें बंद हो गईं। सूत्रों ने पुष्टि की कि मेट्रो शहरों नई दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और अन्य गंतव्यों के लिए उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। सूत्रों के अनुसार, कार्यकर्ताओं ने इंडिगो 7731 उड़ान के लिए टिकट खरीदा था और सुबह 9.50 बजे बेंगलुरु हवाई अड्डे के परिसर में प्रवेश किया। वे उड़ान के पास विरोध प्रदर्शन की योजना बना रहे थे, इसी बीच पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया।



इस संबंध में पुलिस विभाग की ओर से आधिकारिक बयान आना बाकी है। पूर्व मुख्यमंत्री एच.डी. कुमारस्वामी ने शुक्रवार को राज्य सरकार से कावेरी के लिए विरोध प्रदर्शन, बंद के दौरान हिरासत में लिए गए या गिरफ्तार किए गए कन्नड़ कार्यकर्ताओं को तुरंत रिहा करने का आग्रह किया। कुमारस्वामी ने कहा, पूरे राज्य ने कर्नाटक बंद के आह्वान पर पूरे प्रदेश में लोगों का व्यापक समर्थन मिल है। राज्य के हितों की बात आने पर सभी को एकजुट होना चाहिए। उन्होंने तमिलनाडु का नाम लिए बिना कहा, राज्य की अखंडता और एकता पड़ोसी राज्यों के लिए खतरे की घंटी होनी चाहिए।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, कन्नड़ लोगों की भावनाओं को कुचला नहीं जाना चाहिए। हम जद (एस) की ओर से बंद को पूरा समर्थन देते हैं। वर्तमान परिस्थितियों में कावेरी के लिए आंदोलन अपरिहार्य हो गया है। कर्नाटक में सरकार तुष्टीकरण की राजनीति कर रही है। कावेरी मुद्दे पर राजनीति नहीं की जानी चाहिए। तमिलनाडु में अच्छी बारिश हो रही है और बारिश की भविष्यवाणी भी सकारात्मक है. फिर भी झगड़ा पानी के लिए हो रहा है। कुमारस्वामी ने कहा, कर्नाटक में राज्य सरकार लोगों के लिए कोई स्टैंड नहीं ले रही है। आंदोलनकारियों ने कावेरी मुद्दे पर राज्य के पक्ष में नहीं बोलने के लिए कर्नाटक के 28 सांसदों के पुतले जलाए।

## ट्रेन के गेट पर कर रहा था यात्रा, झपकी आई तो 60 फीट नीचे नदी में गिरा

**रांची (आरएनएस)।** झारखंड के गढ़वा में ट्रेन की जनरल बोगी के गेट पर खड़ा होकर यात्रा कर रहा एक युवक झपकी आने से करीब 60 फीट नीचे नदी में जा गिरा। सुखद बात यह रही कि नदी की धार में फंसे युवक का आरपीएफ (रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स) की मदद से रेस्क्यू कर लिया गया। उसे मामूली चोट आई है। इलाज के बाद उसे हॉस्पिटल से छुट्टी दे दी गई।

बताया गया कि बोकारो जिला अंतर्गत बडक़ी गांव के रहने वाले मनोज करमाली (22 वर्ष) हटिया-जम्मू तवी एक्सप्रेस से दिल्ली जा रहे थे। रिजर्वेशन नहीं मिलने के कारण उन्होंने जनरल बोगी का टिकट लिया था। जनरल बोगी में भी भीड़ थी, तो मनोज करमाली बोगी के गेट पर बैठकर यात्रा करने लगे।

### आरपीएफ ने किया रेस्क्यू



यात्रा करने के दौरान उनको नींद आ गई और वह 26-27 सितंबर की रात एक बजे के करीब पलामू जिला अंतर्गत गढ़वा रोड जंक्शन- गढ़वा स्टेशन रेलखंड के बीच ट्रेन से गिर पड़े। उस वक्त ट्रेन कोयल नदी रेल पुल से गुजर रही थी।

वह सीधे 60 फीट नीचे नदी में गिर पड़े। हालांकि जहां वह गिरे, वहां पर पानी नहीं बालू था। वह रात भर सुबह होने का इंतजार करते रहे। सुबह होने पर उन्होंने खुद को नदी की दो धार के बीच फंसा हुआ पाया। उसके बाद उसने शोरगुल करना शुरू कर दिया। इस बीच रेलवे की पेट्रोलिंग टीम की नजर उस पर पड़ी।

रेलवे की पेट्रोलिंग टीम ने इसकी सूचना रेलवे सुरक्षा बल को दी। रेलवे सुरक्षा बल की टीम कोयल पुल पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान शुरू किया। कई घंटे की मशक्कत के बाद रस्सी के सहारे 60 फुट ऊंचे पुल पर लाने में सफलता मिली। नदी के गीले बालू पर गिरने के कारण मनोज को ज्यादा चोट नहीं लगी थी। इसके बाद उसे इलाज के लिए विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के बाद उसे छोड़ दिया गया।

रेलवे सुरक्षा बल के इंस्पेक्टर बनारसी यादव ने बताया कि रेल में यात्रा करने के दौरान एक यात्री गढ़वा रेल पुल के नीचे गिर गया था। तीन सदस्यीय आरपीएफ की टीम वहां पहुंची और उसको कोयल नदी से निकाला।

## पाकिस्तान के बलूचिस्तान में मस्जिद के पास बम धमाका, 52 लोगों की मौत

### ❒ 130 से अधिक घायल

**मस्तुंग ।** पाकिस्तान के पश्चिमी प्रांत बलूचिस्तान के मस्तुंग जिले में एक मस्जिद के नजदीक शुक्रवार को हुए विस्फोट में करीब 52 लोग मारे गए और 130 से अधिक घायल हो गए। ईद के मौके पर मस्जिद के बाहर एक रैली के लिए भारी संख्या में लोग इकट्ठा हुए थे कि तभी यह विस्फोट हुआ। विस्फोट मिलाद-उन-नबी के जुलूस के पास हुआ और अब तक 52 लोगों के मरने तथा लगभग 130 लोगों के घायल होने की रिपोर्टें है। इस महीने की शुरुआत में, उसी जिले में पहले हुए विस्फोट में जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम-फजल



(जेयूआई-एफ) नेता हाफिज हमदुल्ला सहित करीब 130 लोग घायल हो गए थे। उससे एक सप्ताह पहले, लेवी के एक अधिकारी को बस स्टैंड पर अज्ञात लोगों ने गोली मार दी थी और वहां से गुजर रहे दो अन्य घायल हो गए थे। गौरतलब है कि पिछले साल अक्टूबर में मस्तुंग के क़ाबू के पहाड़ी इलाके में दो वाहनों को निशाना बनाकर किए गए बम हमले में तीन लोग मारे गए थे और छह अन्य घायल हो गए थे।

## अमेरिका ने इक्वाडोर के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की हत्या के मास्टरमाइंड पर रखा पांच मिलियन डॉलर का इनाम

**वाशिंगटन ।** अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने अगस्त में इक्वाडोर के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार फर्नांडो विलाविसेंशियो की हत्या को अंजाम देने वाले मास्टरमाइंड की जानकारी देने वाले को 5 मिलियन डॉलर का इनाम देने की घोषणा की।

ब्लिंकन के हवाले से कहा गया, आज, मैं इक्वाडोर के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार फर्नांडो विलाविसेंशियो की हत्या के पीछे के सह-षड्यंत्रकारियों और मास्टरमाइंडों की जानकारी देने के लिए 5 मिलियन डॉलर तक के इनाम की घोषणा कर रहा हूं। विदेश विभाग द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया। राज्य सचिव ने विलाविसेंशियो की हत्या के लिए जिम्मेदार ट्रांसनेशनल संगठित अपराध समूह में प्रमुख नेतृत्व की स्थिति रखने वाले किसी भी व्यक्ति की पहचान या स्थान के बारे में जानकारी देने के लिए एक मिलियन डॉलर तक के दूसरे इनाम की पेशकश की भी घोषणा की।

2023 के चुनावों में मोविमिएंटो कॉन्स्ट्रूये पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार विलाविसेंशियो पर उस समय हमला किया गया, जब वह 9 अगस्त को राजधानी क्विटो में एक कार्यक्रम से जा रहे थे। इक्वाडोर की राष्ट्रीय पुलिस ने हत्या की साजिश के तहत छह कोलंबियाई नागरिकों को गिरफ्तार किया है, जिनके बारे में माना जाता है कि वे एक संगठित अपराध समूह का हिस्सा हैं। ब्लिंकन के हवाले से कहा गया, एफबीआई जांच व हत्या में शामिल अन्य लोगों की पहचान करना जारी रखेगी। अमेरिका इक्वाडोर के लोगों का समर्थन करना जारी रखेगा और उन व्यक्तियों को न्याय के कटघरे में लाने के लिए काम करेगा, जो अपराध के माध्यम से लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को कमजोर करना चाहते हैं।

## भारतीय छात्रा की मौत का मजाक उड़ाने वाले पुलिसकर्मी पर एक्शन

### ❒ गश्ती ड्यूटी से हटाया गया

**न्यूयॉर्क ।** भारतीय छात्रा जाह्नवी कंडुला की मौत के बारे में मजाक उड़ाने वाले अमेरिकी पुलिसकर्मी को गश्ती ड्यूटी से हटा दिया गया है। भारतीय छात्रा जाह्नवी कंडुला की पेट्रोलिंग कर रही पुलिस की कार की टक्कर से जान चली गई थी।

सिएटल पुलिस विभाग (एसपीडी) ने पुष्टि की है कि अधिकारी डैनियल ऑडरर को प्रशासनिक रूप से एक गैर-परिचालन पद पर पुन: नियुक्त किया गया है। ऑडरर बॉडी कैमरे से एक क्लिप को लेकर जांच के घेरे में आ गए हैं। जिसमें उन्हें यह कहते हुए सुना




गया कि कंडुला के जीवन का सीमित मूल्य था और उसे बस एक चेक देकर निपटा दो। वीडियो क्लिप की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निंदा हुई और नेताओं, कानूनविदों और वकालत समूहों ने डेनियल ऑडेरर को पुलिस सेवा से बर्खास्त करने की मांग की।

इस महीने की शुरुआत में सिएटल पुलिस ऑफिसर्स गिल्ड (एसपीओजी) को लिखे एक पत्र में अपना बचाव करते हुए, ऑडरर ने लिखा कि टिप्पणियां द्वेष और कठोर हृदय से नहीं की गई थीं। यह कहते हुए कि उन्होंने कंडुला की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया, उन्होंने लिखा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि उसकी मृत्यु मानव जीवन के मूल्य पर बहस करने वाले वकीलों में बदल जाएगी।

पिछले हफ्ते, सिएटल के सामुदायिक पुलिस आयोग ने सिफारिश की थी कि कंडुला की मौत के बारे में मजाक करने के लिए जांच के तहत अधिकारी को छुट्टी पर रखा जाए और उसका वेतन रोक दिया जाए।

साउथ लेक यूनियन में नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी परिसर की छात्र कंडुला को 23 जनवरी की रात पैदल यात्री क्रॉसिंग पर सिएटल पुलिस वाहन ने टक्कर मार दी थी। जिसे अधिकारी केविन डेव चला रहे थे। किंग काउंटी अभियोजन अटार्नी का कार्यालय मामले की समीक्षा कर रहा है और विचार कर रहा है कि डेव के खिलाफ आरोपों को आगे बढ़ाया जाए या नहीं।